सत्यमेव जयते

राजस्थान राजपत्र
विशेषांक

साधिकार प्रकाशित

RAJASTHAN GAZETTE
Extraordinary

Published by Authority

भाद्र 25, मंगलवार, *शाके* 1947- सितम्बर 16, 2025
Bhadra 25, Tuesday, Saka 1947- September 16, 2025

भाग 6 (क)

नगरपालिकाओं संबंधी विज्ञप्तियां आदि।

स्वायत शासन विभाग, राज. जयपुर

अधिसूचना

जयपुर, सितम्बर 01, 2025

संख्या प.10(न.पा.)(गठन)(चुनाव)डीएलबी/25/14101 :-राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 3 एवं 10 तथा राजस्थान नगर पालिका (निर्वाचन) नियम, 1994 के नियम 3 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला कलक्टर डीडवाना-कुचामन द्वारा स्थानीय निकाय परिषद कुचामनसिटी हेतु वार्ड गठन के प्रारुप आदेश पर प्राप्त आपत्तियों के संबध में प्रस्ताव, अपने अभिमत सहित प्रेषित किये गये हैं। वार्ड गठन के प्रारुप आदेश पर आपत्तियों पर विचार करने के पश्चात राज्य सरकार उनके अभिमत से सहमत है तथा उनके द्वारा प्रस्तावित वार्ड गठन के प्रारुप आदेश को अनुमोदित करती है।

यह सक्षम स्तर से अनुमोदित हैं ।

राज्यपाल की आज्ञा से,

जुईकर प्रतीक चन्द्रशेखर,
निदेशक एवं विशिष्ट शासन सचिव।

<u>नगर परिषद कुचामनसिटी का सीमा विवरण प्रपत्र-क वर्ष-2025</u>

वार्ड सं.	विवरण	जनसंख्या
1	अहिंसा सर्किल से बुडसू रोड़ पर पश्चिम में चलते हुए मारवाड जनाना हॉस्पिटल वाटर वर्क्स बुडसू रोड़ विद्या भारती स्कूल होकर मेगा हाईवे को क्रॉस कर सुन्दर नगर राजस्व सीमा तक, यहाँ से उत्तरी दिशा में राजस्व सीमा पर चलते हुए डीडवाना रोड़, पर यहाँ से डीडवाना रोड़ पर चलते हुए, मेधा हाईवे से बालाजी वर्कशॉप के सामने पूर्व दिशा में चलते हुए चोटीयों की कोठी रोड़ पर चोटीयों की कोठी को उत्तर में छोड़ते हुए खाण्डली कोठी, कुशमीवालों की कोठी श्यामजी वैघ का कुआँ,	1482

	132 केवी जीएसएस को शामिल करते हुए डीडवाना रोड़ से दक्षिण में चलते हुए अहिंसा सर्किल तक की सपूर्ण आबादी।	
2	अहिंसा सर्किल से लक्ष्मी पैलेस से ध्रुव सिंह के मकान, डूँगरी बालाजी मन्दिर के शामिल लेते हुए सेन भवन तक यहाँ से उत्तर में चलकर टैगौर बालिका विघालय, आई हॉस्पिटल के सामने से देव डूगंरी को शामिल करते हुए उत्तर में चलते हुए मोती राम जी कोठी रोड़ पर से पश्चिम में चलकर तहसील रोड़ पर के.के. श्री ब्हीलर सर्विस सेन्टर को शामिल कर बी.एस.एन.एल ऑफिस को उत्तर में छोड़ते हुए महेन्द्रा बजाज शोरूम को शामिल करते हुए डीडवाना रोड़ पर दक्षिण में चलते हुए मिर्धा नगर, जैन कॉलोनी आबादी को शामिल को करते हुए अहिंसा सर्किल तक की सम्पूर्ण आबादी।	1302
3	डीडवाना रोड़ पर बूड़सू रोड़ तिराहे पर स्थित नगर परिषद चुंगी नाका से बूड़सू रोड़ पर चलते हुए राज टेलर के मकान होते हुए अनैकान्त कॉलोनी, महावीर कॉलोनी, आदिनाथ कॉलोनी, विद्या भारती कॉलोनी, अंकल आटा फैक्ट्री को शामिल लेते हुए गैस गोदाम होते हुए राजस्व सीमा तक, यहां से दक्षिण में चलकर मेगा हाईवे पर झालरा रोड़ जाने वाले मार्ग पर आकर झालरा रोड़ पर पूर्व की तरफ चलते हुए विनायक होटल, आश्रम, देवनगर, टैगोर विहार, झालरा बावड़ी को सम्मिलित कर झालरा रोड़ पर चलते हुए मारवाड़ स्कूल को सम्मिलित करते हुए श्री श्यामसुन्दर मिश्रा (मास्टर) के मकान को शामिल करते हुए सम्पूर्ण अम्बा कॉलोनी को सम्मिलित करते हुए कृषि मण्डी की उत्तरी-पश्चिमी कूट तक, यहां से पूर्व में चलकर कुनणजी शर्मा के मकान होकर कृषि मण्डी रोड़ पर बन्शीजी सोनी, बिहारीजी सोनी के मकान को सम्मिलित करते हुए अहिंसा सर्किल तक पुनः डीडवाना रोड़ पर बूड़सू रोड़ तिराहे पर स्थित नगर परिषद चुंगी नाका तक का सम्पूर्ण क्षेत्र	1299
4	कृषि मण्डी के उत्तरी पश्चिमी कॉर्नर से सुरेन्द्र नगर रोड़ होते हुए टैगोर कॉलेज के दक्षिण से निकलते हुए राजस्व सीमा तक वहा से उत्तर मे चलते हुए बाईपास रोड़ पर झालरा रोड़ पर पूर्वी दिशा में चलते हुए बिजली बोर्ड के पीछे दक्षिण दिशा में जाने वाली गली से चलते हुए कृषि मण्डी के उत्तरी पश्चिमी कॉर्नर तक का सम्पूर्ण क्षेत्र	1307

5	कृषि मण्डी के उत्तरी पश्चिमी कॉर्नर से सुरेन्द्र नगर रोड़ होते हुए टैगोर कॉलेज से दक्षिण से निकलते हुए राजस्व सीमा तक वहा से दक्षिण में चलते हुए डीडवाना रोड़ पर चलते हुए टिप्स के सामने से मालियों के जाव को शामिल करते हुए पूर्व में चलकर भवंरजी कड़वा फार्म हाउस को दाईने छोड़ते हुए आयूवान सिंह नगर शामिल कर वी. टी. स्कूल जावं के दक्षिण पश्चिम कॉनर तक, यहॉ से उत्तर दिशा में दल्ला बालाजी रोड़ पर धारा सिंह जी का मकान एवं वी. टी. स्कूल जावं को छोड़ते हुए पूर्व में चलकर कृषि मण्डी के दक्षिण पश्चिम कॉर्नर से उत्तर दिशा में चलते हुए कृषि मण्डी के उत्तर पश्चिम कॉर्नर के मध्य की सम्पूर्ण आबादी।	1583
6	कुचामन गौशाला के उत्तर पश्चिम कॉर्नर से नगरपालिका की दुकानों को शामिल करते हुए पश्चिम में चलकर पीरबाबा दरगाह को दाहिने छोड़ते हुए मुक्ति धाम को दाहिने छोड़ते हुए वी.टी. स्कूल के दक्षिण पश्चिम कॉर्नर तक दक्षिण दिशा की आबादी शामिल करते हुए पश्चिम में चलते हुए आयूवान सिंह नगर को दाहिने छोड़ते हुए भंवरजी कडवा फार्म हाउस को शामिल कर मेगा हाईवे राजस्व सीमा तक। यहा से दक्षिण में चलकर मकराना जूसरी चौराहे से पूर्व दिशा में चलकर देबूजी, पूसाजी की कोठी की आबादी शामिल कर दीनानाथ मदान फार्म हाउस को दाहिने छोड़ते हुए उत्तर में चलकर भंवरजी विश्नोई रोड़ पर पूर्व में चलकर सांड शाला शिव मन्दिर शामिल कर उत्तर दिशा की सम्पूर्ण आबादी शामिल करते हुए झुंताजी किरोडीवाल को दाहिने छोडकर मकराना जूसरी रोड़ पर पूर्व दिशा में चलकर उत्तर दिशा की सम्पूर्ण आबादी शामिल कर पुनः नगरपालिका की दुकानों तक।	1224
7	हॉस्पिटल के उत्तर पश्चिम कॉर्नर से दक्षिण में चलते हुए असलम कलाल के मकान को शामिल करते हुए, सोनू सफेरा के मकान को छोड़ते हुए, कलकती कोठी तिराहे से पुनः तिराहे से पश्चिम में चलकर पीर बाबा दरगाह कॉर्नर तक उत्तर दिशा की आबादी शामिल कर पश्चिमि मुक्ति धाम कुआ होते हुए मुक्ति धाम को शामिल कर वी.टी. स्कूल दक्षिण पश्चिम कॉर्नर से उत्तर में चलते हुए वी.टी. स्कूल जाव को शामिल कर दल्ला बालाजी रोड़ पर पूर्व दिशा में चलकर कृषि मण्डी दक्षिण पश्चिम कॉर्नर से उत्तर में चलते हुए	1433

	सम्पूर्ण कृषि मण्डी को शामिल कर कृषि मण्डी के पूर्वी गेट से पूर्व में चलकर अस्पताल के उत्तरी पश्चिमी कॉर्नर तक का सम्पूर्ण आबादी क्षेत्र।	
8	चुंगी नाका से कृषि मण्डी रोड़ के उत्तरी गेट तक यहां से कृषि मण्डी के उत्तरी पूर्वी कॉर्नर तक, यहां से दक्षिण में चलकर कृषि मण्डी के पूर्वी गेट से पूर्व दिशा में चलते हुए, गुप्ता जी हॉस्पिटल शामिल कर, घासीजी केशियर के मकान को दाहिने छोड़ते हुए, उत्तर दिशा में चलकर पूर्व दिशा में जाने वाली प्रथम गली जो की केसर गर्ल्स हॉस्टल को छोड़ते हुए, एस.के. साइंस स्कूल शामिल करते हुए नायक बस्ती होते हुए श्री राम ट्रेडिंग को छोड़ते हुए, मारवाड हॉस्पिटल के उत्तर से निकलते हुए पदमाराम रणवां की दुकान को दांयी तरफ छोड़ते हुए डीडवाना रोड़, बाबा रामदेव गैस एसेन्सी शामिल करते हुए चुंगी नाका तक का सम्पूर्ण क्षेत्र।	1445
9	हॉस्पिटल के उत्तर पश्चिमी कॉर्नर से डॉ. गुप्ता हॉस्पिटल के पास वाली गली घासीजी केशियर के मकान को शामिल कर उत्तर दिशा में चलकर केसर गर्ल्स हॉस्टल को शामिल करते हुए नायक बस्ती बालाजी मन्दिर को छोड़ते हुए, एस.के. साइंस स्कूल को छोड़ते हुए नायक बस्ती होते हुए श्री राम ट्रेडिंग को शामिल कर डीडवाना रोड़ पर दक्षिण में चलकर महादेव हॉस्पिटल शामिल कर अम्बेडकर सर्किल से लुहारिया बास रोड़ पर चलते हुए गफुर कलाल के मकान को शामिल करते हुए, चुड़ीघर भवन को शामिल करते हुए, बुन्दू बड़गुर्जर को शामिल करते हुए एवं लियाकत बिसायती के मकान को छोड़ते हुए पश्चिम दिशा में जाने वाली गली में ईसूब बड़गुर्जर के मकान को शामिल कर हुए, मुमताज के मकान को शामिल करते हुए, उत्तर दिशा में जाने वाली गली में हनुमान जी (मालजी खटीक) के मकान को शामिल करते हुए, राजेन्द्र जी खींची के मकान को शामिल करते हुए, अस्पताल के दक्षिणी पश्चिम कॉर्नर से उत्तर में चलते हुए अस्पताल को शामिल करते हुए हॉस्पिटल के उत्तर पश्चिमी कॉर्नर तक की सम्पूर्ण आबादी क्षेत्र।	1456
10	ए.के ई-मित्र छोड़ते हुये लुहारिया बास रोड़ पर दक्षिण दिशा में चलते हुये तेलियों की मस्जिद को शामिल कर मदरसा दारूल को शामिल कर पश्चिम में चलते हुये बुनकर बस्ती चौक से होते हुये कब्रिस्तान	1490

	के दक्षिणी पूर्वी कॉर्नर से कब्रिस्तान को शामिल कर पीर बाबा दरगाह रोड़ पर पश्चिम में चलकर पीर बाबा दरगाह को शामिल कर उत्तर में चलते हुये कलकत्ती कोठी रोड़ पर चलकर कलकत्ती कोठी के तिराहे होते हुये ए.के. ई-मित्र को बाये छोड़ते हुये लुहारिया बास सड़क तरफ का क्षेत्र।	
11	लुहारिया बास सड़क पर मदरसा दारूल उलुम को छोड़ते हुए पश्चिम की तरफ चलकर बुनकर बस्ती चौक से होते हुए कब्रिस्तान के दक्षिणी पूर्वी कोने से भाटीजी के मकान को शामिल करते हुए, नगरपालिका की दुकानों को छोड़तें हुए, अग्निशमन केन्द्र को शामिल करते हुए, गौशाला व पुराना नगरपालिका भवन को दाहिने छोड़ते हुए, स्टेशन रोड़ पर उत्तर में चलकर साकेत भवन, मदन मोहनपुरा को शामिल करते हुए, एस.बी.आई. बैक, पैट्रोल पम्प को दाहिने छोड़ते हुए, नोबल स्कूल, श्याम स्टूडियों को शामिल करते हुए, नोबल स्कूल की गली में चलते हुए खरीट जलाशय को शामिल करते हुए पश्चिम सडक से दक्षिण में प्रमोद जी आर्य का मकान शामिल कर मदन मोहनपुरा से लुहारो की मस्जिद को दाहिने छोड़ते हुए लुहारिया बास सडक पर लुहारो के कुए को छोड़ते हुए दक्षिण मे चलकर दारूल उलुम मदरसा का सम्पूर्ण क्षेत्र।	1201
12	कुचामन गौशाला उत्तर पश्चिम कॉर्नर से पूर्व में चलकर नेहरू उधान शामिल कर स्टेशन रोड़ दक्षिण में चलकर दांयी तरफ की आबादी शामिल कर पंचायत समिति में बने आई. टी. सेन्टर छोड़ते हुए पश्चिम में चलकर भँवरलाल कुमावत के मकान को शामिल कर नन्दकिशोर देवना के मकान को बांयी तरफ छोड़ते हुए धर्मपाल मास्टर के मकान को शामिल कर पश्चिम में चलते हुए सीताराम जांगिड़ के मकान को बांयी तरफ छोड़ते हुए गुँदावाली कोठी पर बसी हुई कॉलोनी को शामिल करते हुए उत्तर में चलकर बिहारी जी के नोहरे को बांयी तरफ छोड़कर मकराना रोड़ पूर्व में चलकर दक्षिण की सम्पुर्ण आबादी शामिल करते हुए पुनः कुचामन गौशाला के उत्तर पश्चिम कॉर्नर तक।	1198
13	स्टेशन रोड़ पर आई टी सेन्टर के पास धर्मपाल मास्टर के मकान को उत्तर में छोड़ते हुए पश्चिम दिशा में चलते हुए सीताराम जांगिड़ के मकान को शामिल करते हुए, यहा से गुन्दा वाली कोठी पर बसी	1383

	कॉलोनी को छोड़ते हुए दक्षिण में चलते हुए श्रवण सिंह जी कांकरिया के मकान को छोड़ते हुए मांगीलाल कुमावत की ढाणी को शामिल करते हुए, यहा से आशा सैन के मकान को शामिल करते हुए रामअवतार लाटा के जाव को छोड़ते हुए कृष्णा विहार को शामिल करते हुए अरावली होटल को शामिल करते हुए स्टेशन रोड़ पर उत्तर दिशा में चलते हुए आईटी सेन्टर के मध्य का सम्पूर्ण क्षेत्र।	
14	आशा सैन के मकान को छोड़ते हुये उत्तर दिशा में चलकर मांगीलाल जी कुमावत के जाव को छोड़ते हुये उत्तर दिशा में श्रवण जी काकरिया के मकान को शामिल करते हुए, देबुराम की दुकान को शामिल करते हुए, मकराना जुसरी रोड़ पर पश्चिम में चलकर सांड शाला शिव मन्दिर को दाहिने छोडकर झुताजी किरोड़ीवाल को शामिल कर भंवरजी विश्नोइ को पश्चिम में चलते हुए दीनानाथ मदान फार्म हाउस व कॉलोनी को शामिल कर दक्षिण में चलकर मकराना रोड़ से पश्चिम में चलकर राजस्व सीमा तक शिवम होटल को सम्मिलित करते हुए, डीडवाना बाई पास पर दक्षिण दिशा में चलते हुए, कड़वा का बासड़ा रोड़ पर पूर्व दिशा में चलते हुए कड़वा का बासड़ा आबादी छोड़ते हुए आमली के जाव को शामिल करते हुए, कड़वा का बासड़ा रोड़ पर उत्तर दिशा में चलते हुए ज्ञान भारती स्कुल की पूराना भवन को दक्षिण दिशा में छोड़ते हुए धुमाणियों की ढाणी, पूनियों की ढाणी शामिल कर कड़वा का बासड़ा रोड़ पर आशा सैन के मकान को छोड़ते हुए तक का सम्पूर्ण क्षेत्र।	1321
15	डीडवाना बाई पास पर राजेश मैरीज गार्डन से दक्षिण में कुचामन गेट होते हुए राजस्व सीमा पर चलते हुए करणी विहार द्वितिय देवनारायण छात्रावास, काजू कंवर का मकान को शामिल करते हुए बी.एस.एन.एल. टॉवर होते हुए उत्तर दिशा में चलकर रामेश्वरजी हरीजन का मकान छोड़कर पश्चिम में चलकर ऑफिसर कॉलोनी रोड़ होते हुए विराज मोटर को शामिल कर स्टेशन रोड़ पर क्रॉस कर करणी धर्म काटां को शामिल करते हुए पश्चिम में चलते हुए कड़वा का बासड़ा राजकीय स्कूल को शामिल करते हुए उत्तर में चलकर बाई तरफ की सम्पूर्ण कड़वा का बासड़ा की आबादी को शामिल करते हुए, आमली के जाव को छोड़ते हुए, जाव के दक्षिणी पश्चिमी सीमा के सहारे सहारे चलते हुए पश्चिमी दिशा में चलते हुए कर्नल डिफेन्स की	1555

	दोनो बिल्डींगो को उत्तर में छोड़ते हुए डीडवाना बाई पास रोड़ पर आकर दक्षिणी दिशा में चलते हुए शिवम होटल को शामिल करते हुए, पश्चिमी में चलकर राजस्व सीमा पश्चिमी और दक्षिणी राजस्व सीव के सहारे सहारे नन्दाराम बुगालिया व मेघवालो की ढाणी की सर्म्पूण आबादी को सम्मिलित करते हुए डीडवाना रोड़ राजस्व सीमा शारदा होटल को छोड़ते हुए उत्तर में चलकर डीडवाना बाई पास पर राजेश मैरीज गार्डन के बीच की सम्पूर्ण क्षेत्र।	
16	अरावली होटल को उत्तर दिशा में छोड़ते हुए कड़वा का बासडा जाने वाली सडक से पश्चिम दिशा की ओर चलते हुए रामअवतार लाटा जी के जाव को शामिल करते हुए कड़वा का बासडा रोड़ पर चलते हुए ज्ञान भारती स्कूल की पुरानी बिल्डिग को शामिल करते हुए कड़वा का बासड़ा को पश्चिमी ओर छोड़ते हुए कड़वा के बासड़ा के राजकीय स्कूल के सामने की गली में पूर्व की ओर चलते हुए करणी धर्म कांटा तक का सम्पूर्ण उत्तरी आबादी, करणी धर्म कांटा से स्टेशन रोड़ क्रॉस कर रेवत सिंह मार्ग होते हुए ऑफिसर कॉलोनी रोड़ पर दक्षिण ओर चलते हुए रामेश्वरजी हरीजन, लाखा बंजारा के घर को शामिल करते हुए बी.एस.एन.एल. टॉवर को शामिल करते हुए देवनारायण छात्रावास व काजू कंवर के मकान को छोड़ते हुए दक्षिण ओर चलकर करणी विहार कॉलोनी द्वितिय को छोड़ते हुए दक्षिण राजस्व सीमा तक यहां से सम्पूर्ण खारड़ा क्षेत्र को शामिल करते हुए पदमपुरा रोड़ से मेहरो की ढाणी को छोड़ते हुए खेड़ा की कोठी, दाय वाली कोठी को शामिल कर बी.आर. खोखर स्कूल के दक्षिण की समस्त आबादी इसके बाद बी.आर. खोखर स्कूल को छोड़ते हुए हार्दिक बगड़िया के मकान को शामिल करते हुए पश्चिम की तरफ चलते हुए बापू नगर ओर गौशाला बीड़, करणी माता कॉलोनी, नर्बदा गार्डन, बारात भवन, बालाजी की ढाणी को शामिल करते हुए, नली के बालाजी गेट होते हुए स्टेशन रोड़ पर दक्षिण की तरफ चलकर अरावली होटल व भाग्य श्री एन्टरपाईजेज तक का सम्पूर्ण क्षेत्र।	1253
17	नली का बालाजी गेट से उत्तर में स्टेशन रोड़ चलकर एस.बी.आई बैंक से पूर्व में चलकर विश्वकर्मा मंदिर के पश्चिम की आबादी शामिल कर कल्याण मंडप को बांयी तरफ छोड़ते हुए विकास स्कूल शामिल कर सुदर्शन नगर, सैन भवन, विकास नगर (पुष्पा देवल जी की कॉलोनी)	1508

	शामिल करते हुए पश्चिम मे चलकर धन्नाराम कुमावत का मकान शामिल कर पुनः नली का बालाजी गेट तक।	
18	खादी भण्डार को बांये छोड़ते हुए पुर्व दिशा में चलकर अरविन्द तोषनीवाल के मकान शामिल कर रामचन्द्रका हवेली को बांये छोड़ते हुए पूर्व में चलकर दिनेश लाहोटी को छोड़कर श्यामजी सेन को शामिल कर उत्तर में चलकर मूलचन्दजी के मकान को शामिल करते हुए कासटो का नोहरा छोड़ते हुए पूर्व में चलकर संतोष मोर को शामिल कर गुलाब शर्मा का मकान छोड़ते हुए दक्षिण में चलकर बालाजी के मन्दिर को शामिल कर राजकुमार माथुर के मकान को शामिल कर गोरुजी पीपा वाले को छोड़कर गोदावरी गार्डन को शामिल करते हुए दक्षिण की सम्पूर्ण आबादी शामिल कर मोहन मारोठिया के मकान को बायीं तरफ छोड़ते हुए दक्षिण में चलकर छगन जी घुमाणियाँ को शामिल कर बी. आर. खोखर को बांयी तरफ छोड़ते हुए पश्चिम में चलते हुए बापू नगर से उत्तर दिशा की सम्पूर्ण आबादी शामिल कर, छापोला का बाड़ा, नोखवालो की ढाणी, गौशाला बीड़ को बांये छोडकर दिनेश गटटानी के नोहरे को शामिल कर उत्तर में चलकर कल्याण मंडप के दांयी तरफ की सम्पूर्ण आबादी शामिल कर उत्तर में चलते हुए पुनः गोविन्द जी नाई की दुकानो को शामिल कर खादी भण्डार तक।	1294
19	विश्वकर्मा पब्लिक विधालय से दक्षिण मे चलते हुए मेडी के बास चौक पदमपुरा रोड़ पर चलकर चोहानो की कोठी शामिल कर खेडा वाली कोठी को छोड़कर पश्चिम में चलकर बी.आर. खोखर स्कूल शामिल कर उत्तर में चलकर बाबा रामदेव मन्दिर को शामिल करते हुए गोदावरी गार्डन रोड़ पश्चिम की तरफ चलकर मोहनजी मारोठीया के मकान को शामिल करते हुए पुसाजी माचीवाल के पुराने मकान को शामिल कर उत्तर में चल कर सुरेशजी टेलर की दुकान को शामिल कर नटवरजी शर्मा के मकान को छोड़कर पदमपुरा रोड़ पर उत्तर में चलकर पटवारीयों की कोठी को, आचार्यो के बास को शामिल करते हुए नारायणजी भोमराज जी का मकान एवं भगवत वाटीका बांये छोड़कर पूर्व में चलकर गोगलीया कुआ को शामिल करते हुए बानुड़ा स्कूल को छोड़ते हुए विश्वकर्मा स्कूल तक सम्पूर्ण आबादी।	1476
20	भाटो का बास तिराहे से दक्षिण दिशा में चलते हुए रामचन्द्र दादरवाल	1352

	के मकान को शामिल करते हुए दक्षिण दिशा में चलते हुए आकाशी शमशान घाट को शामिल करते हुए पिरोहितो की कोठी की दक्षिणी आबादी शामिल करते हुए, हरदेव जी की ब्लॉक फैक्ट्री को शामिल करते हुए पुनः पूर्व दिशा की ओर चलते हुए खारिया सीमा तक पुनः बाईपास रोड़ मेहरो की ढाणी को शामिल करते हुए रींग रोड़ पर चलकर पदमपुरा रोड़ होते हुए निमिवालों की कोठी, रेगरी कोठी, माधनिया भवन, भन्दया कुआ, बागवानो की कोठी को शामिल करते हुए पदमपुरा रोड़ पर उत्तर दिशा में चलकर राजराम जी की मेड़ी को शामिल करते हुए पूर्व दिशा में चलते हुए गोरर्धन जी भोपा के जाव को छोड़ते हुए भाटा का बास चौक तक के सर्किल का सम्पूर्ण क्षैत्र ।	
21	शिव मन्दिर से रामापीर एन्टरप्राईजेज को शामिल करते हुए खारिया रोड़ पर रामेश्वर जी साड़ीवाल को मकान को छोड़ते हुए दक्षिण दिशा में भाटो का बास तिराहे से दक्षिण दिशा में चलते हुए रामचन्द्र दादरवाल के मकान को छोड़ते हुए दक्षिण दिशा में चलते हुए आकाशी शमशान घाट को छोड़ते हुए, पिरोहितो की कोठी की उत्तरी आबादी शामिल करते हुए, हरदेव जी की ब्लॉक फैक्ट्री को छोड़ते हुए पुनः पूर्व दिशा की ओर चलते हुए खारिया सीमा तक पुनः बाईपास रोड़ से उत्तर दिशा की ओर राजस्व सीमा के सहारे सहारे चलते हुए जोरासिया कुए को शामिल करते हुए नवोडी कोठी, को शामिल करते हुए पश्चिम दिशा में चलते हुए राधे पब्लिक स्कूल, खीव सिंह जी व काकड़ वाली कोठी, भामियों वाली कोठी को शामिल करते हुए ब्रहमदास जी की बगीची को शामिल करते हुए, सोहन बावरी के जाव को छोड़ते हुए पुनः शिव मन्दिर को शामिल करते हुए रामापीर एन्टरप्राईजेज तक का सम्पूर्ण क्षेत्र	1312
22	दीपपुरा चौराहे से पश्चिम में चलते हुए हेमजी देवना के मकान को छोड़ते हुए नानूजी देवना का मकान छोड़ते हुए, प्रभु सिंह के जाव को छोड़ते हुए, नोरानी मस्जिद को छोड़ते हुए, मदरसा जमातखाना को छोड़ते हुए, प्रकाश जी आर्य को छोड़ते हुए, गोपालजी आखली को शामिल कर, घासीजी के कारखाने को शामिल करते हुए, शिवजी के मन्दिर को दक्षिण में छोड़ते हुए, भंवरलालजी सिहोटा के जाव को शामिल कर बावरीयों का जाव को शामिल कर, सुरज कॉलोनी ओर हीरा कॉलोनी को शामिल कर पूर्व दिशा में दिशा में चलकर जोरासीयों के कुआ को छोड़कर राजस्व सीमा तक यहां से उत्तर में दीपपुरा चौराहे तक सर्किल की सम्पूर्ण आबादी।	1546

23	भांवता रोड़ पर शिवजी के मन्दिर से पूर्व की तरफ चलते हुए भाटो के बास के रास्ते से पश्चिमी घरो को शामिल करते हुए, गोरधन भोपा के जाव को शामिल करते हुए, राजाराम की मेड़ी को शामिल करते हुए, रिजका मण्डी के रास्ते तक, यहॉ से उत्तर की ओर चलते हुए गोरधन भोपा के जाव तक की सम्पूर्ण आबादी क्षेत्र।	1382
24	ओके टेलर से दक्षिण दिशा में चलते हुए दिनेश किराणा स्टोर को शामिल करते हुए मोहनपुरिया का मकान शामिल कर, मेघवाल का मकान छोडकर तिराहे तक, प्रहलाद सिंह का मकान छोडकर, उत्तर दिशा में खारिया रोड़ से व्यापारी मस्जिद के उत्तर में जाने वाली रोड़ की दोनो ओर की आबादी शामिल कर शमशुदीन के मकान को शामिल कर, यहा से सारडा का नोहरा का उत्तर में छोड़ते हुए सीकर रोड़ से गोपाल कन्डेक्टर के मकान को शामिल करते हुए पुनः दक्षिण दिशा में चलते हुए गिवारिया बस्ती की गली से चलते हुए, यहा से व्यापारी मस्जिद की पश्चिम दिशा की गली से पुनः भावता रोड़ से बाबा रामदेव मन्दिर को शामिल करते हुए ओके टेलर के सामने तक का सम्पूर्ण क्षेत्र	1309
25	बानूडा स्कूल के उत्तरी पूर्वी कॉर्नर से पश्चिम की ओर चलते हुए बानूडा स्कूल को छोड़ते हुए उत्तर दिशा में पुनः चलते हुए सोनी देवी स्कूल को छोड़ते हुए, सोनी देवी के उत्तरी पश्चिमी कॉर्नर से उत्तर दिशा में चलते हुए भावता रोड़ से पूर्व की ओर चलते हुए ओके टेलर को छोड़ते हुए दक्षिण दिशा की गली में चलते हुए दिनेश किराणा स्टोर को छोड़ते हुए पूर्व की ओर चलते हुए बाबा रामदेव के मन्दिर को शामिल करते हुए मेघवालो के मकान को शामिल करते हुए विजेन्द्र भावता के मकान, भवरजी कडवा का नोहरा शामिल कर माताजी मन्दिर को छोड़ते हुए, शंकरलाल मोहनपुरिया के मकान को पश्चिम में छोड़ते हुए उत्तर दिशा में बजरंग चौक वहा से पुनः बानूडा स्कूल पूर्वी की रोड़ से पुनः उत्तरी पूर्वी कॉर्नर तक का सम्पूर्ण क्षेत्र	1296
26	कुचामन फोर्ट व्यू होटल को दाहिने छोड़कर बालाजी पान को शामिल कर दक्षिण में चलकर कपड़ा मार्केट को दाहिने छोड़ते हुए रंगनाथ काबरा के मकान का शामिल कर ओंकार जी लादड़िया वाले के मकान को दाहिने छोड़ते हुए कासटों के मकान का शामिल कर पश्चिम में घुमकर पवन भोमराजका के मकान को दाहिनें छोड़ते हुए दक्षिण में	1410

	चलकर सत्यनारायण जी गट्टानी को दाहिने छोड़ते हुए बांये तरफ की सम्पूर्ण आबादी शामिल कर, मूलचन्दजी के मकान को छोड़कर कासटो का नोहरा शामिल करते हुए पूर्व में चलकर संतोष मोर को छोड़कर गुलाब शर्मा का मकान शामिल करते हुए दक्षिण में चलकर बालाजी के मन्दिर को छोड़कर राजकुमार माथुर के मकान को छोड़कर गोरुजी पीपा वाले को शामिल कर पुर्व में चलकर गोदावरी गार्डन रोड़ पर बांयी तरफ की आबादी शामिल करते हुए पुसाजी माचीवाल के पुराने मकान को छोड़कर उत्तर में चलकर पदमपुरा रोड़ पर उत्तर की ओर चलते हुए भगवत वाटिका को शामिल करते हुए, यहा से पूर्व दिशा में चलते हुए बानूडा स्कूल को शामिल करते हुए दक्षिणी पूर्वी कॉर्नर से पश्चिम में चलते हुए उत्तर दिशा में पुनः चलते हुए सोनी देवी स्कूल को शामिल करते हुए, सोनी देवी के उत्तरी पश्चिमी कॉर्नर से उत्तर दिशा में चलते हुए भावता रोड़ तक वहा से वापस पश्चिम की तरफ चलते हुए विनायक कॉम्पलेक्स को उत्तर की तरफ छोड़ते हुए पुनः फोर्ट व्यू होटल तक का सम्पूर्ण क्षेत्र।	
27	गोल प्याऊ से पूर्वी दिशा में सीकर रोड़ पर चलते हुए होटल फोर्ट व्यू को शामिल करते हुए दक्षिण दिशा में चलते हुए बालाजी पान वाली दुकान को बायां छोड़ते हुए कपड़ा मार्केट और कुमावत कॉम्पलेक्श सहित दाहिनी तरफ की आबादी को शामिल करते हुए दक्षिण में चलकर ओंकारजी लादडिया के मकान को शामिल कर पवन भोमराजका और सत्यनारायण जी गट्टाणी के मकान को शामिल करते हुए मनोज भारती के मकान को बायी तरफ छोड़ते हुए रामचन्द्रका हवेली शामिल कर अरविन्दजी तोषनीवाल को छोड़कर पश्चिम में चलकर खादी भण्डार शामिल कर नला बाजार रोड़ से उत्तर की तरफ चलते हुए विश्वकर्मा मन्दिर को छोड़कर पश्चिम में चलकर स्टेशन रोड़ पर एसबीआई बैंक को बाये छोड़ते हुए उत्तर में चलकर लॉयन सर्किल होते हुए पुस्तकालय को शामिल करते हुए गोल प्याऊ तक के मध्य का सम्पूर्ण क्षेत्र।	1290
28	लॉयन सर्किल से स्टेशन रोड़ की ओर चलते हुए संजय जी जैन पेट्रोल पम्प को छोड़ते हुए राजूजी गुर्जर की दुकानो को सम्मिलित करते हुए उत्तर में चलते हुए श्याम स्टूडियों को छोड़ते हुए पश्चिम में चलते हुए खोखरीया के मकान को शामिल करते हुए नोबल स्कूल के	1423

	पश्चिम वाली गली से दक्षिण में चलकर पश्चिम में लुहारिया बास रोड़ पर उत्तर में चलते हुए रामजीवन रोग निदान केन्द्र शामिल कर अम्बेड़कर सर्किल होते हुए महादेव हॉस्पिटल को छोड़ते हुए डीडवाना रोड़ उत्तर में एस.बी.आई. बैंक को शामिल कर डूंगरी बालाजी गेट को छोड़ते हुए आथूना दरवाजा रोड़ पर चलकर सत्यनारायण ठाकुर बाड़ी को छोड़कर लीलगर के चौक से दक्षिण में चलते हुए बागर को बायी छोड़ते हुए, राजपूत छात्रावास को बाया छोड़ते हुए, कनोई पार्क को शामिल कर सेन्ट्रल बैंक को छोड़ते हुए पुराने बस स्टेड को शामिल करते हुए पुनः लॉयन सर्किल तक की सम्पूर्ण आबादी।	
29	गोल प्लाऊ से उत्तर में चलते हुए दीनानाथ हॉस्पिटल छोड़ते हुए पलटन गेट से धान मण्डी रोड़ पर उत्तर में चलते हुए रधुनाथ जी मन्दिर को शामिल करते हुए, धान मण्डी कुआ को शामिल करते हुए पश्चिम में महावीर भवन को शामिल करते हुए, झवरों की गली को शामिल करते हुए लाटा भवन को शामिल करते हुए दक्षिण में चलते हुए नन्दजी टेलर को छोड़ते हुए लीलगर के चौक से दक्षिण में चलते हुए बागर को शामिल करते हुए राजपूत छात्रावास को शामिल करते हुए दक्षिण में चलते हुए सेन्ट्रल बैंक, बालाजी बाजार को शामिल करते हुए, सारड़ा कॉप्लेक्श शामिल करते हुए गोल प्लाऊ शामिल करते हुए सम्पूर्ण क्षेत्र की आबादी।	1213
30	डूंगरी बालाजी मन्दिर को छोड़ते हुए विनायक आभूषण को शामिल कर सालासर बालाजी कचोरी को छोड़ते हुए आथुना दरवाजा रोड़ पर वाल्मिकी बस्ती को शामिल करते हुए सत्यनारायण ठाकुर बाडी शामिल करते हुए सुरेश जी वेद के मकान को छोड़ते होते हुए बफाती कारीगर गली में दोनो ओर की आबादी शामिल करते हुए बफाती कारीगर के मकान तक किले की तलहटी से पश्चिम में चलते हुए, रवि के मकान को शामिल करते हुए डूंगरी वाले बालाजी तक के सर्किल की सम्पूर्ण आबादी।	1374
31	डूंगरी वाले बालाजी से उत्तर की ओर किले की तलहटी मे टैगोर बालिका स्कूल को उत्तर में छोड़ते हुए, किले की तलहटी के साथ-साथ दक्षिण में चलते हुए महादेव मन्दिर को बाये छोड़ते हुए पश्चिम की ओर चलते हुए, किले की तलहटी से पूर्व दिशा में गणेश डूंगरी रोड़ पर बाकलीवालो की हवेली को शामिल करते हुए, डॉ सलीमजी के	1402

	मकान को छोड़ते हुए घाटी कुआ पंचमुखी बालाजी मन्दिर, फूल मस्जिद को शामिल करते हुए प्रेमजी पान वाले को छोड़ते हुए शिव भगवान जी वेद की गली, नेमजी स्वीट्स शामिल कर पश्चिम में चलकर धान मण्डी रोड़ पर दक्षिण में चलकर महावीर भवन को छोड़कर ओर झंवरो की गली को छोड़कर विनोदजी जैन का मकान शामिल कर लीलगर चौक गेट से उत्तर में चलकर गढ की तलहटी चलकर डूंगरी वाले बालाजी तक के सर्किल की सम्पूर्ण आबादी।	
32	पंचमुखी हनुमान मन्दिर से गणेश डूंगरी रोड़ पर चलकर राजपुरोहितो की हवेली शामिल कर बाकलीवालो की हवेली छोड़ते हुए डॉ. सलीमजी का मकान शामिल कर पश्चिम में किले की तलहेटी होते हुए शहरपनाह पूर्व दिशा से गणेश डूँगरी गेट से दक्षिण में चलकर स्वर्णकार माता जी मन्दिर को शामिल करते हुए पश्चिम की आबादी शामिल करते हुए अब्दुल लतिफ कारीगर के मकान को छोड़कर लालूबाड़ा होते हुए पश्चिम की आबादी शामिल कर लालूबाड़ा रोड़ से दक्षिण में चलकर सिटी डिस्पेंसरी को छोड़ते हुए वापस घाटी कुआ रोड़ जाते हुए पुराने पोस्ट ऑफिस गली से चलकर पुनः दक्षिण दिशा में चलते हुए कोठारी भवन को शामिल करते हुए, प्रेमजी स्वामी के मकान को छोड़ते हुए, पश्चिम में चलकर दायीं तरफ की सम्पूर्ण आबादी शामिल करते हुए शंकर जी टेलर, सतुजी मोर के मकान को शामिल करते हुए, सुर्य मन्दिर गली की दोनो तरफ की सम्पूर्ण आबादी शामिल कर पुनः पश्चिम में कोठारीयों की गली को छोड़ते हुए शिव भगवानजी वेद की गली को छोड़ते हुए गोपाल भवन को शामिल करते हुए फुल मस्जिद को छोड़ते हुए पंचमुखी हनुमानजी बालाजी मन्दिर तक सर्किल की सम्पूर्ण आबादी।	1277
33	गणेश डूँगरी को छोड़ते हुए गणेश मन्दिर के रास्ते के साथ गणेश डूँगरी गेट से उत्तर की ओर किले की तलहटी के साथ साथ उत्तर पश्चिम की ओर चलते हुए भगवान नरसिंह जी के मन्दिर को शामिल करते हुए पुनः उत्तर पूर्व की ओर चलते हुए, आरिफ के मकान को शामिल करते हुए ईदगाह की तरफ जाने वाली रोड़ पर चलते हुए, डॉ. लुकमान के घर और हॉस्पिटल को छोड़ते हुए दक्षिण पश्चिम रोड़ पर चलकर अकबर खान और इमरान खान के मकान को छोड़कर दक्षिण पश्चिम दिशा में चलकर फजलुरहमान के मकान को छोड़कर गणेश	1376

	डूँगरी गेट के तरफ जाने वाले रास्ते की दायीं तरफ की सम्पूर्ण आबादी को शामिल करते हुए पूर्व दिशा में चलकर नाथूजी पंडित के मकान को छोड़कर आलम कारीगर के मकान सहित पश्चिम की आबादी शामिल कर दक्षिण में चलकर जयसिंहजी का मकान छोड़ते हुए पश्चिम में चलकर इस्ताक (इत्र वाले) का मकान छोड़कर लतीफ कारीगर का मकान शामिल कर गणेश डूँगरी गेट तक की सम्पूर्ण आबादी।	
34	होद के दरवाजा से शहरपनाह होते हुए गणेश डूंगरी को शामिल में लेकर कश्मीरी गेट तक, यहाँ से नाथूजी पंडित के मकान को शामिल कर दक्षिण में चलकर आलम कारीगर के मकान सहित पश्चिम दिशा की आबादी को छोड़कर जयसिंहजी के मकान को शामिल कर पश्चिम में मों इस्ताक (इत्र वाले) के मकान तक पूर्व की आबादी, यहाँ लुकमान लीलगर के मकान को शामिल करते हुए लालूबाड़ा के पश्चिम की आबादी छोड़ते हुए पूर्व दिशा की सम्पूर्ण आबादी शामिल कर अमरचन्द बांकलीवाल की हवेली तक, यहाँ से पूर्व में चलकर माथुर भवन बांयी तरफ चेजारों का मौहल्ला की संपूर्ण आबादी शामिल करते हुए मों. शरीफ(मुर्गी वाले) को शामिल करते हुए लूल्या पलदार के मकान को छोड़ते हुए पुनः होद का दरवाजा तक।	1400
35	पुराना टेलिफोन एक्सचेंज से पूर्व में चलते हुए नया शहर रोड़ क्रॉस करते हुए पूर्व में चलते हुए उत्तर में देवडो की गली सोनू बागवान के घर की तरफ जाने वाली गली में उत्तर की ओर चलते हुए, सोनू बागवान व कारखाने का शामिल करते हुए दक्षिण दिशा की ओर चलकर पुनः मदरसा इस्लामिया बालिका विधालय वाली गली से बहलीम हाउस को शामिल कर उत्तर दिशा में मुक्ति धाम रोड़ पर फूलजी कुमावत का मकान शामिल कर मुक्ति धाम और तकिया मस्जिद को छोड़कर पश्चिम में चलकर जैन नसीयां को शामिल कर डाइमड प्रिटंर को छोड़कर बिलासीराम बगीची को शामिल कर इदगाह रोड़ पर चलकर डॉ. लुकमान का मकान शामिल कर दक्षिण पश्चिम रोड़ पर चलकर अकबर खान और इमरान खान के मकान को शामिल कर दक्षिण पश्चिम दिशा में चलकर फजलुरहमान के मकान को शामिल कर गणेश डूंगरी गेट से शहरपनाह पूर्व दिशा चलकर गणेश मन्दिर को छोड़ते हुए शहरपनाह होद का दरवाजा से दक्षिण में नया	1328

	शहर रोड़ लुलिया पलदार का मकान शामिल कर पश्चिम में रामकुमारजी का मन्दिर सिटी डिस्पेंसरी शामिल कर टेलिफोन एक्सचेंज के बायीं ओर की आबादी शामिल करते हुए नया शहर रोड़ तक सर्किल की सम्पूर्ण आबादी क्षेत्र।	
36	नया शहर रोड़ से दक्षिण दिशा मे चलते हुए नया शहर के गेट से पश्चिम में चलते हुए, हनुमान मेडिकल को शामिल करते हुए, पप्पू मार्केट को शामिल करते हुए, गोल प्लाऊ को शामिल करते हुए, पलटन गेट को शामिल करते हुए, दिग्मबर जैन स्कूल को शामिल करते हुए, तेलियों की गली में चलते हुए रुसतम जी मस्टर के घर को शामिल करते हुए, हनीफ वकील के मकान को शामिल करते हुए, चोबदार मस्जिद को शामिल करते हुए,गोवर्धनाथ द्वार को बायीं ओर छोड़ते हुए सुर्य मन्दिर को छोड़ते हुए सुर्य मन्दिर की गली की आबादी छोड़कर अमान स्टूडियों को छोड़कर बांसा वाले मकान को शामिल कर पूर्व दिशा में चलकर दक्षिण की सम्पूर्ण आबादी शामिल करते हुए वक्ताजी गली के चोराहे से उत्तर में चलकर टेलिफोन एक्सचेंज शामिल कर सदासुख जी काबरा की हवेली को छोड़ते हुए बागवानो की गली में पूर्व दिशा में चलकर दाहिने तरफ की आबादी शामिल करते हुए रामललाजी मन्दिर को शामिल करते हुए, दाहिने तरफ की आबादी को शामिल करते हुए सुरज पोल दरवाजा रोड़ से पश्चिम में चलकर नया शहर रोड़ चोराहे तक सर्किल की सम्पूर्ण आबादी।	1219
37	धान मण्डी भावता वाले की दुकान शामिल करते हुए, कोठारियों की गली को शामिल करते हुए, जोशियो की गली को शामिल करते हुए, गोपालजी के मन्दिर के आमने-सामने की दोनो तरफ की आबादी को शामिल करते हुए, मालपानियों की गली, सिखवालो की गली को शामिल करते हुए, प्रेमजी वालो का मकान शामिल करते हुए के आस-पास की आबादी शामिल करते हुए, गोवर्धनाथ द्वार से दक्षिण दिशा में गोवर्धननाथ मन्दिर, शामिल कर चोबदारो की मस्जिद को छोड़ते हुए, कमलजी जलधारी के मकान को शामिल करते हुए, नाईयों की गली को शामिल करते हुए, दरोगा के मकान को शामिल करते हुए, रफीकजी मस्टर के मकान की दायीं तरफ की आबादी शामिल करते हुए, अकिंत सारड़ा के मकान को शामिल करते हुए, शेखराजजी के	1383

	दुकान को शामिल करते हुए, बायीं तरफ का सम्पूर्ण क्षेत्र की आबादी शामिल करते हुए, डीडवानीयों की गली, कलालों की गली, भोपजी वालो की गली, धान मण्डी भावता वालो की दुकान तक का सम्पूर्ण क्षेत्र।	
38	नया शहर जलाशय से दक्षिण दिशा मे चलते हुए नया शहर दरवाजे से आगे की ओर पूर्व दिशा में चलते हुए, विनायक कॉम्पलेक्स को शामिल करते हुए, खारिया रोड़ पर चलते हुए, डॉ. मोहनपुरीया के मकान को दाहिनी तरफ छोड़ते हुए, बड़ का पेड़ को दाहिनी तरफ छोड़ते हुए, रामदेवजी के मन्दिर को छोड़ते हुए भार्गव मोहल्ला में बायीं तरफ की आबादी शामिल कर उत्तर दिशा में चलते हुए, प्रजापतो के चौक से वापस उत्तर दिशा में चलते हुए, राहोरिया सदन शामिल कर, पश्चिम में चलकर गुलजारपुरा रोड़ पर देवड़ा चिल्ड्रन हॉस्पिटल को शामिल कर, देवड़ा हवेली को पश्चिम में छोड़ते हुए, दक्षिण में चलकर नाथूजी हलवाई को छोड़कर, कासम इलाही (पुराना गढ) को शामिल करते हुए, सलीम के मकान को छोड़ते हुए, कालू व मोहिनूदीन के मकान शामिल करते हुए, इससे पश्चिम दिशा में चलते हुए नया शहर रोड़ तक वहां से वापस दक्षिण दिशा में चलते हुए जलाशय तक के बीच की सम्पूर्ण आबादी।	1394
39	सारडा जी के नोहरे के दक्षिणी पश्चिमी कॉर्नर से उत्तरी दिशा की तरफ चलते हुए, नोहरे के उत्तरी पश्चिमी कॉर्नर से नसरुदीन के मकान को शामिल कर उत्तर में चलते हुए, नाथू जी कडवा के टेन्ट हाउस व उमरुदीन के मकान को शामिल करते हुए सीकर रोड़ से पुनः पश्चिम की ओर चलते हुए मुक्ति धाम तिराया से वापस उत्तर की ओर चलते हुए दक्षिण में चलते हुए बाबू खां के मकान को शामिल करते हुए, मदरसा इस्लामिया बालिका विधालय को छोड़ते हुए पश्चिम में चलते हुए इसलामुदीन के मकान को छोड़ते हुए, पश्चिम की ओर जाने वाली पहली गली में चलकर वापस दक्षिण बागवानो की गली में सोनू बागवान के मकान को छोड़ते हुए दक्षिण दिशा में चलकर बायीं तरफ की आबादी शामिल करते हुए रामलला मन्दिर को दायीं तरफ छोड़ते हुए, बायीं तरफ की आबादी को शामिल करते हुए, दक्षिण मे दूर्गा जी खाती का मकान को शामिल कर दक्षिण में चलकर मोहीनूदीन के मकान को शामिल करते हुए, कालू जी के मकान को	1556

	छोड़ते हुए, कासम इलाई (पुराना गढ) के मकान को छोड़ते हुए, नाथू हलवाई के मकान को शामिल करते हुए, डाइमण्ड प्रिर्ट्स को दाहिनी तरफ छोड़ते हुए, उत्तर दिशा में चलते हुए, चेनाराम मण्डा खाद बीज की दुकान को शामिल करते हुए सारड़ा जी के नोहरे के दक्षिणी पश्चिमी कॉर्नर तक की सम्पूर्ण आबादी।	
40	व्यापारी मस्जिद को छोड़ते हुए रामदेवजी के मन्दिर पूर्वी दिशा की गली से दक्षिण में चलकर प्रहलाद सिंह के मकान को शामिल करते हुए, दक्षिण मे बालाजी मन्दिर की ओर बांयी तरफ की आबादी को शामिल कर के बनवारीजी शर्मा के प्लॉट को शामिल कर बन्नाराम कुशमीवाल के प्लॉट को छोड़कर बनवारीजी जोशी के मकान को शामिल करते हुए पूर्व दिशा में चलकर वापस उत्तर में चलकर प्रभुजी कुशमीवाल के मकान को छोड़कर पूर्व दिशा में चलकर लालजी कुशमीवाल के प्लॉट को शामिल कर गुरमाजी चक्की वाले को दाहिने छोड़कर कर उत्तर दिशा में चलकर भोमाराम जी की दुकाने शामिल करते हुए भांवता रोड़ पूर्व दिशा में चलकर बावरियों का चौक, बुनकर बस्ती को शामिल कर शिव मन्दिर के दक्षिणी पश्चिमी कॉर्नर से पुनः उत्तर पश्चिम की रोड़ चलते हुए गोपाल जी आखली को दांयी तरफ छोड़ते हुए मदरसा को उत्तर में छोड़ते हुए दक्षिण पश्चिम दिशा की गली में चलते हुए बावरियों के चौक होते हुए घासीजी कुमावत के दुकान शामिल कर पुनः पश्चिम दिशा में प्रकाश जी आर्य को शामिल करते हुए दीनमोहम्मद के मकान तक मनमोहनजी आर्य तक की सम्पूर्ण आबादी।	1348
41	आरएनटी तिराहे से दीपपुरा चौराहे से पश्चिम में चलते हुए हेमजी देवना के मकान को शामिल करते हुए नानूजी देवना का मकान शामिल करते हुए, प्रभु सिंह के जाव को शामिल करते हुए, नोरानी मस्जिद को शामिल करते हुए, मदरसा को शामिल करते हुए, सारडा के नोहरे को शामिल करते हुए नोहरे के उत्तरी पश्चिमी कॉर्नर से सीकर रोड़ पर शब्बीर के कारखाने को उत्तर में छोड़ते हुए, परसाजी राठी के मकान को शामिल करते हुए , रामूजी आखली को शामिल कर, वीर तेजा सर्किल, नारायण शर्मा के मकान को शामिल कर आरएनटी तिराहे तक का सम्पूर्ण क्षेत्र।	1583
42	मोतीराम जी की कोठी से दक्षिण दिशा में चलते हुए केके फर्नीचर को	1489

	शामिल करते हुए इदगाह रोड़ से होते हुए पूर्व की ओर ईदगाह को शामिल करते हुए डॉ. लुकमान के घर को दक्षिण में छोड़ते हुए कब्रिस्तान को शामिल करते हुए बाबुलाल स्वामी के घर को शामिल कर पुनः उत्तर की दिशा धनजी का बाग वाले कब्रिस्तान को शामिल करते हुए, मुक्ति धाम को शामिल करते हुए सीकर रोड़ पर नाथूजी कडवा के टेन्ट हाउस को दायनी तरफ छोड़ते हुए रामूजी की आखली को दायनी तरफ छोड़ते हुए सीकर रोड़ पर चलते हुए वाटर वकर्स को शामिल कर, तेजा सर्किल को शामिल कर, समरिया सागर गौशाला को शामिल कर, महला जी की दुकान को शामिल करते हुए उत्तर दिशा की ओर चलकर गौशाला के पूर्वी तरफ की कॉलोनी को शामिल करते हुए पुनः माता जी मन्दिर की तरफ जाकर, सीकर बाईपास हीराराम आईथान को शामिल कर धनजी का बाग शामिल कर, जलधारियों की कोठी शामिल कर मोतीराम जी की कोठी तक का सम्पूर्ण क्षेत्र।	
43	धनजी का बाग चौराहे से प्रेमराजजी का बासडा रोड़ होते हुए गावाई कुए को पश्चिम में छोड़ते हुए राजस्व सीमा तक, राजस्व सीमा से पूर्वी दिशा में चलते हुए पुनः राजस्व सीमा तक, यहा से से महला वर्कशाप के पूर्व से उत्तर दिशा में चलते हुए माता जी मन्दिर रोड़ के पास की कॉलोनी को छोड़ते हुए पुनः माता मन्दिर से सीकर बाई पास रोड़ से पुनः धनजी का बाग तक का सम्पूर्ण क्षेत्र	1272
44	सीकर बाईपास रोड़ पर नन्दाराम जी की चक्की को शामिल करते हुए गवाई कुए को शामिल करते हुए राजस्व सीमा तक, वहा से पश्चिम में चलते हुए आसपुरा रोड़ से दक्षिण की तरफ आते हुए बागडो का मकान शामिल करते हुए, जेगजी की कोठी शामिल कर, करबला को शामिल, सीकर बाई पास रोड़ पर नन्दाराम की चक्की तक का सम्पूर्ण क्षेत्र	1522
45	केके फर्नीचर से उत्तर दिशा में मोती रामजी कोठी चौराहे की तरफ चलते हुए आसपुरा रोड़ के पश्चिमी क्षेत्र को शामिल कर राजस्व सीमा तक, राजस्व सीमा से पश्चिम की ओर चलकर आनन्दपुरा रोड़ को क्रॉस कर डीडवाना रोड़ पर रामेश्वरलाल पार्षद के मकान को शामिल करते हुए, डीडवाना रोड़ क्रॉस चोटीयों वाली कोठी शामिल कर पुनः डीडवाना रोड़ पर आकर पुनः दक्षिण दिशा में शिवजी का मन्दिर शामिल कर सीकर बाईपास पर बी.एस.एन.एल. ऑफिस शामिल कर	1303

	मोती रामजी कोठी रोड़ पूर्व में चलकर बालाजी मन्दिर को छोड़ते हुए मन्दिर के सामने से देव डूंगरी की तलहटी तक यहां से पूर्व दिशा में चलते हुए खोखरीया तलाई शामिल कर आरिफ के मकान को छोड़कर कुचा ए अमन स्कूल को शामिल करते हुए आरिफ के मकान को दायी तरफ छोड़ते हुए केके फर्नीचर छोड़ते हुए मोती रामजी कोठी के चौराहे तक का सम्पूर्ण क्षेत्र।	

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।